# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
# एम .ए. हिन्दी उत्तरार्द्ध परीक्षा
# **एमएएचडी-**05 नाटक और कथेतर गद्य विधाएँ

**अवधि 3 घंटे** **अधिकतम अंक 80**

निर्देश : प्रश्न पत्र खण्ड अ, ब और स में विभाजित है। खण्ड 'अ' अतिलघूत्तरात्मक है, खण्ड 'ब' लघूत्तरात्मक एवं खण्ड 'स' में निबंधात्मक प्रश्न सम्मिलित हैं।

प्रश्न बैंक

## अतिलघूत्तरात्मक खंड - अ

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए.अधिकतम शब्द सीमा 30 शब्द है.

1. भरत द्वारा प्रतिपादित रूपक के प्रमुख प्रकार कौन-कौन से हैं ?
2. 'अवस्थानुकृतिर्नाट्यम' किस पुस्तक का वाक्य है ?
3. 'नाटक' का अंग्रेजी समानार्थी 'ड्रामा' ग्रीक में किस अर्थ का वाचक है ?
4. भरत के अनुसार अभिनय के प्रमुख रूप कौन-कौन से हैं ?
5. नाटक के वस्तुतः तीन ही तत्व हैं. नाम लिखिए .
6. हिंदी क्षेत्र में पहला महत्वपूर्ण नाट्य-प्रयोग अवध के किस नवाब ने किया ?
7. डॉ दशरथ ओझा ने हिंदी के प्रथम अभिनीत नाटक 'विद्या विलाप' का उद्भभव किस लोकनाट्य से माना है?
8. महाराजा विश्वनाथ सिंह का कौन सा नाटक हिंदी का पहला नाटक माना जाता है?
9. भारतेन्दु युगीन प्रमुख नाटककारों के नाम लिखिए.
10. जयशंकर प्रसाद ने पारसी रंगमंच का विरोध अपने किन आलेखों में किया है ?
11. भारतेंदु हरिश्चंद्र ने शेक्सपियर के किस नाटक का अनुवाद किया ?
12. 'नहुष' किसकी रचना है ?
13. खड़ी बोली में लिखा गया हिंदी का पहला नाटक कौन सा है?
14. भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा लिखे गये प्रमुख मौलिक नाटकों के नाम लिखिए |
15. नयी कविता युग में लिखे गये प्रमुख काव्य-नाटक कौन-कौन से हैं?
16. 'रेडियो नाटक' क्या है ?
17. हिंदी के प्रमुख एकांकी लेखकों के नाम लिखिए |

18. स्वतंत्रता के तुरंत पश्चात उभरे प्रमुख नाटककारों के नाम लिखिए|
19. सुरेन्द्र वर्मा के प्रमुख नाटकों के नाम लिखिए
20. .महाभारत की कथा पर आधारित हिंदी के प्रमुख नाटकों के नाम लिखिए|
21. जयशंकर प्रसाद के प्रमुख नाटकों के नाम लिखिए।
22. जयशंकर प्रसाद का पहला नाटक कौन सा है ?
23. 'विशाख' का कथानक किन संस्कृत पुस्तकों पर आधारित है ?
24. 'जन्मेजय का नागयज्ञ' का कथानक किन संस्कृत पुस्तकों पर आधारित है ?
25. इतिहास पर आधारित प्रसाद के प्रमुख नाटक कौन से हैं ?
26. 'करुणालय' किस प्रकार का नाटक है ?
27. 'अजातशत्रु ' का नायक कौन है ?
28. 'एक घूँट' किस प्रकार का नाटक है ?
29. ध्रुवस्वामिनी का नायक कौन है ?
30. जयशंकर प्रसाद पर प्रकाशित नन्द दुलारे बाजपेयी की पुस्तक का नाम क्या है ?
31. 'चन्द्रगुप्त' का प्रकाशन कब हुआ ?
32. मूर्छित चन्द्रगुप्त को सिंह से कौन बचाता है ?
33. 'चन्द्रगुप्त' नाटक में कितने अंक और कितने दृश्य हैं ?
34. चाणक्य स्वतन्त्रता आन्दोलन के किस नेता का प्रतीक या प्रतिरूप है?
35. इतिहास पर आधारित प्रसाद की नाट्यकृतियां कौन- सी है ?
36. चन्द्रगुप्त का विवाह किसकी पुत्री से होता है ?
37. 'चन्द्रगुप्त' नाटक के अनुसार कार्नेलिया कौन है ?
38. 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' गीत कौन गाता है ?
39. 'चन्द्रगुप्त' नाटक के अनुसार अलका कौन है ?
40. चाणक्य और चन्द्रगुप्त के मध्य कैसा सम्बन्ध है ?
41. 'अन्धा युग' को रंगमंच पर प्रतिष्ठित करने वाले किन्हीं दो निर्देशकों के नाम लिखिए।
42. 'अन्धा युग' का प्रकाशन वर्ष लिखिए।
43. अंधा युग में कुल कितने पात्र हैं ?
44. 'नदी प्यासी थी' में कितने दृश्य हैं ?
45. 'नदी प्यासी थी'.के प्रमुख पात्रो के नाम क्या हैं ?
46. 'नदी प्यासी थी'में राजेश की पत्नी का क्या नाम है ?
47. 'सृष्टि' का आखिरी आदमी' किस माध्यम के लिए लिखा गया था ?
48. 'संगमरमर पर एक रात' किस मुग़ल साम्राज्ञी के जीवन पर आधारित है ?

49. धर्मवीर भारती के प्रमुख काव्य संग्रहों के नाम लिखिये ?
50. धर्मवीर भारती ने कविता और नाटक के अतिरिक्त किन विधाओं में लेखन किया है.
51. 'अंधायुग' में कौन सा कौरव पांडवो के पक्ष में था ?
52. 'अंधायुग' में कितने अंक हैं ?
53. अंधायुग'ग' का पहला मंचन कब और कहाँ हुआ था ?
54. 'अंधायुग' में प्रहरी किस वर्ग के प्रतिनिधि हैं ?
55. "युद्धोपरांत यह अंधायुग अवतरित हुआ" किस समसामयिक युद्ध की ओर नाटककार इशारा कर रहा है ?
56. वृद्ध याचक का चरित्र और संवाद क्या संकेतित करते हैं ?
57. 'युयुत्सु' किस भाव बोध का प्रतीक है ?
58. 'अंधायुग' में कृष्ण को शाप कौन देता है ?
59. 'अंधायुग' के पाँचवे अंक का शीर्षक क्या है ?
60. 'अंधायुग' के प्रमुख पात्रो के नाम लिखिये जो मिथक कथाओ से नहीं लिए गये हैं |
61. 'अंधायुग' का सम्बन्ध मुख्यतः किस संस्कृत महाकाव्य से है |
62. गीतिनाट्य में वैयक्तिकता अनिवार्य है या नहीं- स्पष्ट कीजिये |
63. "भावावेग के क्षणों में कविता की वाणी ही मानव ह्रदय की अभिव्यंजना में सहायक होती है" - किसका कथन है ?
64. गीतिनाट्य में कविता प्रधान होती है या नाट्य - स्पष्ट करें |
65. गीतिनाट्य का प्रधान आधार मनुष्य का बाह्य जीवन है या अंतर्जीवन - स्पष्ट करें |
66. काव्यनाटक लिखने वाले प्रमुख छायावादी कवि का नाम लिखें |
67. नयी कविता युग के किन कवियों ने काव्य नाटक लिखे ?
68. स्वातंत्र्योत्तर युग के प्रमुख काव्य नाटको के नाम लिखिये |
69. 'धृतराष्ट्र' का प्रतीकार्थ क्या है ?
70. 'अंधे राजा की प्रजा कहाँ तक देखे ' - किसका कथन है ?
71. मोहन राकेश के कौन से नाटक में कालिदास प्रमुख पात्र है?
72. ऐतिहासिक कालिदास और `आषाढ़ का एक दिन` के कालिदास एक हैं या भिन्न ?
73. `आषाढ़ का एक दिन` के अनुसार कालिदास किस राज्य का राजकवि बनता है?
74. मल्लिका और कालिदास के मध्य क्या संबंध हैं?
75. अंबिका और मल्लिका के सम्बन्धों में द्वंद्व का कारण क्या है?
76. `लहरों के राजहंस` का प्रकाशन कब हुआ?
77. `आषाढ़ का एक दिन` का प्रथम प्रकाशन कब हुआ?
78. `लहरों के राजहंस` का कथानक किस पुरानी कृति से किया गया है?
79. `लहरें` किन भावों की प्रतीक है?

80. `पैर तले की जमीन` का कथानक किस आधुनिक विचारधारा से प्रेरित है ?
81. `आधे-अधूरे` नाटक का पहला मंचन कब और किसके निर्देशन में हुआ ?
82. `आधे-अधूरे`के दो पुरुष पात्रों के नाम लिखें|
83. `आधे-अधूरे`के अलावा मोहन राकेश के अन्य नाटकों के नाम लिखें |
84. `आधे-अधूरे`नाटक कितने भागों में विभक्त हैं?
85. `आधे-अधूरे`नाटक के पात्रों में से सबसे छोटे पात्र का नाम क्या है?
86. नाटक में सावित्री के पुत्र का नाम क्या है?
87. जगमोहन राकेश के किस नाटक का पात्र है?
88. `आधे-अधूरे`के `पुरुष चार` पात्र का नाम नाटक में क्या है?
89. किस कलाकार ने `आधे-अधूरे` के पहले मंचन पर सावित्री की भूमिका निभाई?
90. विलोम राकेश के किस नाटक का पात्र है?
91. `आधे-अधूरे` का प्रकाशन कब हुआ ?
92. `पुरुष-चार` का नाम क्या है?
93. `पुरुष-एक ` का नाम क्या है?
94. `पुरुष-दो` का नाम क्या है?
95. `पुरुष-तीन` का नाम क्या है?
96. `आधे-अधूरे`का पहला मंचन किस संस्था ने किया?
97. संकलन-त्रय से क्या आशय है?
98. मोहन राकेश के नाट्य साहित्य पर प्रकाशित किसी एक पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए|
99. एक ही अभिनेता द्वारा पाँच भूमिकाएँ करवाने का उद्देश्य क्या है?
100. सावित्री और महेन्द्रनाथ के मध्य प्रमुख समस्याएँ क्या हैं?
101. निबंध विधा का जन्म किस युग में हुआ ?
102. बालकृष्ण भट्ट के निबंध मुख्यतः किस अखबार में छपते थे ?
103. भारतेंदु युग के उस निबंधकार का नाम लिखिए जो अपनी व्यंग्यात्मक शैली के लिए प्रसिद्ध है।
104. छायावादी युग के दो निबंधकारों के नाम लिखिए।
105. 'कविता क्या है' निबंध किस निबंधकार का है ?
106. महावीर प्रसाद द्विवेदी की दो निबंध कृतियाँ बताइए।
107. किन्हीं दो ललित निबंधकारों के नाम लिखिए।
108. द्विवेदी युगीन दो निबंधकारों के नाम लिखिए।
109. स्वातंत्र्योत्तर युग के दो निबंधकारों के नाम लिखिए।

110.सरदार पूर्णसिंह की किसी एक निबंध रचना का नाम लिखिए।
111.हिंदी के किन्हीं दो जीवनीकारों के नाम बताइए।
112.हिंदी की पहली आत्मकथा किसने लिखी ?
113.'मंटो-मेरा दुश्मन' के लेखक कौन हैं?
114.हिंदी के दो यात्रा-वृत्तों के नाम बताइए ।
115.भारतेंदु ने किस शीर्षक से एक आत्मकथात्मक लेख लिखा था?
116.'एक साहित्यिक की डायरी' किस विधा की रचना है?
117.रामविलास शर्मा ने निराला की जीवनी किस शीर्षक से लिखी ?
118.महादेवी वर्मा की एक संस्मरणात्मक कृति और एक रेखाचित्र संकलन का नाम लिखिए।
119.यशपाल की आत्मकथा का नाम बताइए।
120.हरिवंश राय बच्चन की आत्मकथा कितने भागों में प्रकाशित है ? अंतिम भाग का नाम बताइए ।
121.'शिवशम्भु के चिट्ठे' किस अखबार में प्रकाशित होते थे ?
122. शिवशम्भु का पूरा नाम बताइए ।
123.बालमुकुन्द गुप्त का सम्बन्ध किस साहित्यिक युग से है?
124.'शिवशम्भु के चिट्ठे' में लेखक ने शिवशम्भु के अलावा और किस छद्म नाम का उपयोग किया है ?
125.बालमुकुन्द गुप्त द्वारा प्रकाशित किसी एक अख़बार का नाम प्रकाशन स्थान के साथ बताइए ।
126.'एक दुराशा' में भारत के किस नगर की बदहाली चित्रित है?
127.'शिवशम्भु के चिट्ठे' के अधिकांश ख़त किसको संबोधित हैं ?
128.'एक दुराशा' में 'माई लार्ड' किस ऐतिहासिक व्यक्ति के लिए संबोधित है ?
129. बालमुकुन्द गुप्त का जन्म कब हुआ था?
130.बालमुकुन्द गुप्त का अपने समकालीन किस लेखकसे सम्पादकीय विवाद हुआ था?
131.चिंतामणि भाग दो का प्रकाशन कब हुआ ?
132.'मानस की धर्म भूमि' किसका निबंध है?
133.रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार प्रयत्न पक्ष को लेकर चलने वाले महाकाव्यों के नाम लिखिए |
134.रामचंद्र शुक्ल के अनुसार मंगल का विधान करने वाले कौन-कौन से भाव हैं ?
135.रामचंद्र शुक्ल की रस से संबंधित आलोचनात्मक पुस्तक का नाम लिखिए|
136. चिंतामणि भाग एक में कितने निबंध हैं ?
137.'विश्व प्रपंच' किसके द्वारा अनुवादित पुस्तक है ?
138.रामचंद्र शुक्ल के समकालीन दो निबंधकारों के नाम लिखिए|

139.रामचंद्र शुक्ल ने भाव या मनोविकार विषयक कितने निबंध लिखे ?

140.रामचंद्र शुक्ल ने लोकमंगल की कौन सी दो अवस्थाएँ बतायी हैं?

141.'नाख़ून क्यों बढ़ते हैं' किसका निबंध संग्रह है?

142.'कल्पलता' किसका निबंध संग्रह है?

143.'मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है' किस निबंध संग्रह में संकलित है ?

144.हजारीप्रसाद द्विवेदी को साहित्य अकादमी पुरस्कार किस कृति के लिए मिला ?

145.हजारीप्रसाद द्विवेदी के दो निबंध संग्रहों के नाम लिखिए |

146.आदिकाल पर लिखी हजारीप्रसाद द्विवेदी की पुस्तक का नाम बताइए |

147. हजारीप्रसाद द्विवेदी के दो उपन्यासों के नाम लिखिए |

148.किस निबंधकार का सम्बन्ध शान्ति निकेतन से था ?

149.हजारीप्रसाद द्विवेदी की दो आलोचनात्मक कृतियों के नाम लिखिए |

150.हजारीप्रसाद द्विवेदी की किताब 'कबीर' किस विधा की रचना है ?

151.विद्यानिवासमिश्रका जन्म कब हुआ ?

152.'कदम्ब की फूली डाल' किसकी रचना है ?

153.विद्यानिवास मिश्र की दो अन्य रचनाओं के नाम लिखिए|

154.विद्यानिवास मिश्र के व्यक्तिनिष्ठ निबंध-संग्रहों के नाम लिखिए|

155.'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' मुख्यतः किस पीढ़ी को संबोधित है?

156.'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' में किस लोकगीत का वर्णन है ?

157.विद्यानिवास मिश्र किस कोटि के निबंध लिखते हैं ?

158.'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' का प्रारंभ लेखक की किस मनः स्थिति से होता है ?

159.'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' में किनके निर्वासन का वर्णन है ?

160.'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' में पुत्रों के निर्वासन से दुखी कौन है ?

161.हरिशंकर परसाई की किन्हीं दो निबन्ध-कृतियों के नाम लिखिए।

162.हरिशंकर परसाई किन प्रमुख सम्मानों से सम्मानित किये गए ?

163.हरिशंकर परसाई के निबंध किन अख़बारों में स्तम्भ के रूप में प्रकाशित हुए?

164.हरिशंकर परसाई को साहित्य अकादमी सम्मान किस पुस्तक पर प्राप्त हुआ ?

165.हरिशंकर परसाई की रचनावली का संपादन किन लेखकों ने किया?

166.हरिशंकर परसाई द्वारा लिखित प्रमुख स्तंभों के नाम लिखिए |

167."आंखन देखी" पुस्तक का संपादन किसने किया ?

168.गणतंत्र के ठिठुरने का क्या आशय है?

169.व्यंग्य का प्रयोग करने वाले दो भारतेंदु युगीन लेखकों के नाम लिखिए|

170.हरिशंकर परसाई के व्यंग्य के प्रमुख आलंबन कौन रहे हैं ?

171. 'भाभी' का लेखन महादेवी वर्मा ने कब किया था ?

172.महादेवी वर्मा की कविताओं का मुख्य भाव क्या है ?

173.महादेवी वर्मा को किस रचना पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है?

174.रेखाचित्र की विशेषताएं बताइए |

175.महादेवी वर्मा की विवाह के समय उम्र क्या थी ?

176.महादेवी वर्मा का पहला कविता संग्रह कौन-सा है ?

177.'भाभी' नामक रचना में भाभी के लिए किस तरह के वस्त्र निर्धारित हैं ?

178.'श्रृंखला की कड़ियाँ' किस तरह की रचना है ?

179.महादेवी वर्मा किस संस्था की कुलपति थी?

180.'अतीत के चलचित्र' का प्रकाशन वर्ष बताइए|

181.कविता के अतिरिक्त अज्ञेय ने प्रमुखतः किन-किन विधाओं में रचनाएँ की हैं ?

182. अज्ञेय के उपन्यासों के नाम लिखिए ?

183.अज्ञेय को ज्ञानपीठ सम्मान किस पुस्तक पर प्राप्त हुआ ?

184. अज्ञेय को साहित्य अकादमी सम्मान किस पुस्तक पर प्राप्त हुआ?

185. अज्ञेय के प्रमुख कविता संग्रहों के नाम लिखिए.

186.अज्ञेय ने प्रयोगवाद की शुरुआत किस पुस्तक के संपादन से की ?

187. प्रेमचंद और अज्ञेय के पत्राचार के मुख्य विषय क्या थे ?

188. 'उपन्यास सम्राट' अज्ञेय की किस पुस्तक में संकलित है ?

189. अज्ञेय पर केन्द्रित दो आलोचना पुस्तकों के नाम लिखिए.

190. अज्ञेय की कविताओं का समग्र किस नाम से प्रकाशित है ?

191. 'अंधकार' किस विधा की रचना है ?

192.'अंधकार' किस किस पुस्तक का अंश है ?

193.'अंधकार' में किस घटना का वर्णन है ?

194. रांगेय राघव का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

195.रांगेय राघव का मूल नाम क्या था ?

196.'रिपोर्ताज' किस भाषा का शब्द है ?

197.रांगेय राघव ने प्रमुख रूप से किन विधाओं में रचना की है ?

198.'कब तक पुकारूँ' किस विधा की रचना है ?

199.‘अंधकार’ में किन व्यक्तिओं का वर्णन है ?
200.रांगेय राघव के प्रमुख उपन्यास का नाम लिखिए
201.भारत और यूरोप : प्रतिश्रुति के क्षेत्र’ किसकी रचना है?
202.‘चीड़ों पर चांदनी’ किस देश की यात्रा है ?
203. निर्मल वर्मा द्वारा लिखित कथेतर गद्य की प्रमुख पुस्तकों के नाम लिखिए|
204.निर्मल वर्मा का जन्म कब हुआ?
205.निर्मल वर्मा प्रमुखतया किस देश के प्रवास में रहे?
206. निर्मल वर्मा को साहित्य अकादेमी सम्मान किस पुस्तक पर प्राप्त हुआ?
207. निर्मल वर्मा द्वारा अनूदित पुस्तकों के नाम लिखिए|
208.निर्मल वर्मा को ज्ञानपीठ सम्मान किस वर्ष प्राप्त हुआ?
209. राहुल संकृतायन द्वारा लिखित यात्रावृत्तांतों के नाम लिखिए|
210.हिन्दी की प्रमुख यात्रावृत्तान्त कृतियों के नाम लिखें|
211.‘अपनी खबर’ का प्रकाशन कब हुआ ?
212. ‘अपनी खबर’ में लाला भगवानदीन लेखक के क्या लगते हैं?
213. पाण्डेय बेचन शर्मा उग्र का जन्म कब और कहाँ हुआ ?
214. उग्र पहली बार जेल किस वर्ष गये ?
215.‘मतवाला’ पत्रिका से उग्र किस रूप में जुड़े थे ?
216. उग्र ने किन पत्रिकाओं का सम्पादन किया ?
217. उग्र के प्रमुख नाटक का नाम लिखिए |
218.उग्र के प्रमुख उपन्यास का नाम लिखिए |
219. उग्र ने किस हास्य पत्रिका का सम्पादन किया ?
220. किन कहानियों के कारण उग्र को जेल हुई ?
221.'मैं दर्द को जीता रहा और द्वंद को पीता रहा' यह किसकी पंक्ति है?
222.'विष्णु प्रभाकर' का जन्म कब और कहा हुआ ?
223.धरती अब भी घूम रही है - किसकी कहानी है?
224.'आवारा मसीहा' किस लेखक की जीवनी है ?
225.'आवारा मसीहा' में शरत के पुत्र की मृत्यु कैसे होती है?
226.‘आवारा मसीहा’ का लेखन कितने वर्षों में पूर्ण हुआ?
227.‘आवारा मानुष’ किस लेखक पर केन्द्रित पुस्तक है?
228.विष्णु प्रभाकर ने लगभग कितनी पुस्तकें लिखीं?
229.आवारा मसीहा किस विधा की रचना है?

230.“सर्वोत्तम सौन्दर्य के सामने सर्वोत्तम मानवीय करुणा भी क्या ईश्वर नहीं है?”- वाक्य किसका है?

खंड अ के उत्तर

1. नाटक, प्रकरण, वीथी, भाण
2. नाट्यशास्त्र
3. सक्रियता
4. आंगिक, वाचिक, आहार्य और सात्विक
5. कथावस्तु, संवाद और दृश्यविधान
6. वाजिद अली शाह
7. कीर्तनिया
8. आनन्द रघुनंदन
9. श्रीनिवासदास, प्रतापनारायण मिस्र, राधाकृष्णदास
10. काव्यकला तथा अन्य निबंध में संकलित निबंध
11. मर्चेंट ऑफ़ वेनिस
12. गोपालचंद्र गिरिधरदास
13. शकुन्तला
14. वैदिक हिंसा हिंसा न भवति, भारत दुर्दशा, अंधेर नगरी
15. अंधायुग, एक कंठ विषपायी, अग्निलिक, संशय की एक रात
16. रेडियो के लिए लिखे गए नाटक
17. रामकुमार वर्मा, उदयशंकर भट्ट, उपेन्द्रनाथ अश्क,
18. जगदीश चन्द्र माथुर, लक्ष्मी नारायण लाल, धर्मवीर भारती
19. द्रौपदी, सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरन तक, आठवां सर्ग
20. अंधायुग, शस्त्र संतान
21. स्कंदगुप्त-चन्द्रगुप्त-ध्रुवस्वामिनी-'विशाख'-'जन्मेजय का नागयज्ञ'
22. सज्जन
23. राजतरंगिनी
24. ऐतरेय ब्राह्मण - महाभारत
25. स्कंदगुप्त-चन्द्रगुप्त-ध्रुवस्वामिनी
26. गीति नाट्य
27. बिम्बसार
28. प्रतीकात्मक
29. चन्द्रगुप्त

30. जयशंकर प्रसाद
31. 1931
32. सेल्यूकस
33. चार अंक, 44 दृश्य
34. महात्मा गाँधी
35. स्कंदगुप्त, चन्द्रगुप्त और ध्रुवस्वामिनी
36. सेल्यूकस
37. सेल्यूकस की पुत्री
38. कार्नेलिया
39. पर्वतेश्वर की पुत्री
40. गुरु - शिष्य
41. सत्यदेव दुबे,इब्राहीम अल्काजी
42. १९६०
43. 16
44. तीन
45. राजेश, पदमाऔर शिला
46. कामिनी
47. रेडियो नाटक
48. नूरजहाँ
49. ठंडा लोहा, सात गीत वर्ष, सपना अभी भी
50. कहानी,उपन्यास,निबंध
51. युयुत्सु
52. पांच
53. सन 1954 इसवी
54. सामान्य जनता
55. द्वीतीय विश्वयुद्ध
56. जनता की त्रासदी
57. जिजीविषा
58. गांधारी
59. विजय: एक क्रमिक आत्माहत्या

60. प्रहरी, वृद्धयाचक
61. महाभारत
62. .अनिवार्य है.
63. टी.एस.इलियट
64. दोनों
65. अंतर्जीवन
66. सुमित्रानंदन पन्त
67. धर्मवीर भारती,दुष्यंत कुमार,भारत भूषन अग्रवाल,नरेश मेहता.
68. अंधायुग,एक कंठ विषपायी,अग्निलीक, संशय की एक रात
69. अंधी विवेकहीन सत्ता
70. प्रहरी-1
71. आषाढ़ का एक दिन
72. भिन्न
73. उज्जयिनी का
74. प्रेम सम्बन्ध
75. मल्लिका आदर्शवादी है जबकि अम्बिका यथार्थवादी
76. 1963
77. 1958
78. अश्वघोष के सौंदरानंद
79. प्रेम, वासना एवं सांसारिक सुख
80. अस्तित्ववाद
81. 1969, ओम शिवपुरी
82. महेन्द्रनाथ, सावित्री
83. आसाढ़ का एक दिन, लहरों के राजहंस
84. दो
85. बिन्नी
86. अशोक
87. आधे अधूरे
88. जुनेजा
89. सुधा शिवपुरी

90. आसाढ़ का एक दिन
91. 1969
92. जुनेजा
93. महेन्द्रनाथ
94. सिंघानिया
95. जगमोहन
96. दिशांतर
97. काल, स्थल और कार्यव्यापर की अन्विति
98. जयदेव तनेजा
99. पुरुषों का एकसापन
100. आर्थिक निर्भरता और सामंजस्य
101. भारतेंदु युग
102. हिंदी प्रदीप
103. प्रतापनारायण मिश्र
104. निराला, प्रसाद, महादेवी वर्मा, पन्त
105. रामचंद्र शुक्ल
106. महाकवि माघ का प्रभात वर्णन, कालिदास की निरंकुशता, साहित्य-सीकर
107. रायकृष्ण दास, हजारीप्रसाद द्विवेदी, विद्यानिवास मिश्र, कुबेरनाथ राय, विवेकी राय
108. महावीरप्रसाद द्विवेदी, सरदार पूर्ण सिंह, बालमुकुन्द गुप्त, वियोगी हरि
109. अज्ञेय, मुक्तिबोध, निर्मल वर्मा, नामवर सिंह
110. मजदूरी और प्रेम, आचरण की सभ्यता, अमेरिका का मस्त जोगी वाल्ट व्हीटमैन, कन्यादान, पवित्रता
111. भारतेंदु हरिश्चंद्र, विष्णु प्रभाकर, अमृत राय, रामचंद्र शुक्ल, रामविलास शर्मा
112. बनारसीदास जैन
113. उपेन्द्रनाथ अश्क़
114. सरयूपार की यात्रा, लंका यात्रा, घुमक्कड़ शास्त्र, एक बूँद सहसा उछली, आखिरी चट्टान तक
115. कुछ आप बीती कुछ जग बीती
116. आलोचना
117. निराला की साहित्य साधना भाग १
118. पथ के साथी और अतीत के चलचित्र, स्मृति की रेखाएँ

119. सिंहावलोकन

120. चार भागों में | दशद्वार से सोपान तक

121.भारत-मित्र

122. शिवशम्भु शर्मा

123. द्विवेदी युग

124. शाइस्ता खां

125. भारत-मित्र कलकत्ता से अथवा अखबारे चुनार मिर्ज़ापुर से

126. कलकत्ता

127. लार्ड कर्जन

128. लार्ड कर्जन

129. सन १८६५ ई

130. महावीरप्रसाद द्विवेदी

131. 1954

132. आचार्य रामचंद्र शुक्ल

133. रामायण, महाभारत और रघुवंश

134. करुणा और प्रेम

135. रस मीमांसा

136. 17

137. आचार्य रामचंद्र शुक्ल

138. गुलाब राय, चतुरसेन शास्त्री

139. 10

140. सिद्धावस्था और साधनावस्था

141. हजारीप्रसादद्विवेदी

142. हजारीप्रसाद द्विवेदी

143. अशोक के फूल

144. अलोक पर्व

145. शिरीष के फूल , आम फिर बौरा गये, विचार प्रवाह, कल्पलता ,आलोक पर्व

146. हिंदी साहित्य का आदिकाल

147. बाण भट्ट की आत्मकथा, पुनर्नवा, चारुचन्द्र लेख, अनामदास का पोथा

148. हजारीप्रसाद द्विवेदी

149. कबीर, सूरदास

150. आलोचना

151. १९२६ ई

152.विद्यानिवास मिश्र

153.तुम चन्दन हम पानी, चितवन की छाँह, बसंत आ गया पर कोई उत्कंठा नहीं, कदम्ब की फूली डाल

154.तुम चन्दन हम पानी, चितवन की छाँह, बसंत आ गया पर कोई उत्कंठा नहीं, कदम्ब की फूली डाल

155.वर्तमान युवा पीढ़ी

156.मेरे राम के भीजे मुकुटवा/ लछिमन के पटुकवा/ मेरी सीता के भीजे सेनुरवा/हो राम घर लौटहिं

157.ललित

158.उदासीकी मनः स्थिति से

159. राम सीता और लक्ष्मण

160. कौशल्या

161. जैसे उनके दिन फिरे, वैष्णव की फिसलन, सदाचार का तावीज़, पगडंडियों का ज़माना इत्यादि

162. साहित्य अकादमी , पद्म श्री

163. नयी दुनिया, देशबन्धु

164. वैष्णव की फिसलन

165. धनञ्जय वर्मा, कमला प्रसाद, मलय,श्याम कश्यप

166. कबिरा खड़ा बजार में , तुलसीदास चन्दन घिसैं, सुनो भई साधो

167. कमला प्रसाद

168. जनता का दैन्य

169. प्रताप नारायण मिश्र और बालमुकुन्द गुप्त

170. राजनेता और समाज के ठेकेदार

171. सन १९३३ ई

172. प्रेम और विरह

173. यामा

174. व्यक्तिकेन्द्रितता और संस्मरणात्मकता

175. ग्यारह वर्ष

176. नीहार

177. ओढ़नी और लहंगा

178. आलोचना

179. प्रयाग महिला विद्यापीठ

180. सन १९४२ ई

181.कहानी, उपन्यास, निबंध और आलोचना

182. शेखर एक जीवनी, नदी के द्वीप तथा अपने अपने अजनबी

183. कितनी नावों में कितनी बार

184. आंगन के पार द्वार

185. इत्यलम, भग्नदूत, सागरमुद्रा

186. तारसप्तक

187. साहित्य

188. स्मृति लेखा

189. अज्ञेय का काव्य और अज्ञेय की काव्य तितिक्षा

190. सदानीरा -1, 2

191. रिपोतार्ज

192. तूफानों के बीच

193. बंगाल का अकाल

194. 17-02 1923, आगरा

195. तिरुमत्लै तम्बकम वीर राघव आचार्य

196. फ्रांसीसी

197. कविता, उपन्यास, कहानी, नाटक

198. उपन्यास

199. डाक्टर कुंठे, जगदीश, कृपा

200. कब तक पुकारूँ

201. निर्मल वर्मा

202. चेकोस्लोवाकिया

203. कला का जोखिम, साहित्य का आत्म सत्य |

204. 1929 ईस्वी

205. चेकोस्लोवाकिया

206. कव्वे और कलापानी|

207. कुप्रीन की कहानियाँ, कारेल चापेल की कहानियाँ, बाहर और परे|
208.2000 ई
209. तिब्बत में सवा बरस , मेरी यूरोप यात्रा, मेरी जीवन यात्रा.|
210.आखरी चट्टान तक , शांति निकेतन की यात्रा, अरे यायावर रहेगा याद |
211.१९६० ई
212. गुरु
213.१९०० ई में मिर्ज़ापुर जिले में
214. १९२१ ई
215.सहायक सम्पादक
216.स्वदेश , वीणा , स्वराज्य
217.महात्मा ईसा
218.चाकलेट
219.भूत
220.बुढ़ापा , रुपिया
221.'विष्णु प्रभाकर'
222. सन १९१२ ई मीरपुर में
223. 'विष्णु प्रभाकर'
224.शरतचंद्र
225. प्लेग से
226. चौदह वर्षों में
227. 'विष्णु प्रभाकर' पर
228. लगभग सौ
229. जीवनी
230. 'विष्णु प्रभाकर'

## खंड - ब

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम २०० शब्दों में लिखिए.

1. भारतेन्दु युगीन रंगमंच में अव्यावसायिक मंडलियों की भूमिका पर प्रकाश डालिए .
2. पारसी रंगमंच ने हिंदी रंगमंच पर क्या प्रभाव डाला ?
3. स्वतन्त्रता आन्दोलन ने हिंदी रंगमंच को किस तरह प्रभावित किया ?
4. आधुनिक रंगमंच के विकास में भारतेन्दु का क्या योगदान है ?
5. 'पृथ्वी थियेटर्स' के महत्व पर एक टिप्पणी लिखिए .
6. समकालीन हिंदी रंगमंच की प्रमुख धाराओं का परिचय दीजिए.
7. जयशंकर प्रसाद के नाटकों की प्रमुख विशेषताएँ बताइए|
8. भारतेन्दु के नाटकों पर लोक नाट्य परम्पराओं का क्या प्रभाव पड़ा ? स्पष्ट कीजिए |
9. हिंदी नाटक के विकास में लक्ष्मीनारायण लाल के अवदान का विवेचन कीजिए |
10. हिंदी नाटक के विकास में जगदीशचन्द्र माथुर के अवदान का विवेचन कीजिए |
11. हिंदी नाटक के विकास में भीष्म साहनी के अवदान का विवेचन कीजिए |
12. हिंदी नाटक के विकास में सुरेन्द्र वर्मा के अवदान का विवेचन कीजिए |
13. 'स्कंदगुप्त' नाटक का परिचय दीजिए ।
14. 'ध्रुवस्वामिनी' स्त्री-स्वतंत्रता का दस्तावेज है-स्पष्ट कीजिए ।
15. गीति-नाट्य में प्रसाद का क्या योगदान है?
16. ध्रुवस्वामिनी नाटक का परिचय दीजिए ।
17. स्कंदगुप्त के चरित्र पर प्रकाश डालिए.
18. चन्द्रगुप्त के चरित्र पर प्रकाश डालिए
19. सप्रसंग व्याख्या कीजिये :

    मगध की राजकुमारी आज अपने ही उपवन में बंदिनी है। मैं वही तो हूँ जिसके संकेत पर मगध का राज्य चल सकता था। वही शरीर है, वही रूप है, वही हृदय है, पर छिन गया अधिकार और मनुष्य का मानदण्ड ऐश्वर्य। तब तुलना में सबसे छोटी हूँ जीवन लज्जा की रंगभूमि बन रहा है। तो जब नन्द कुल का कोई न रहा, तब तक बच कर क्या करेगी!

20. 'चन्द्रगुप्त' नाटक में चाणक्य के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए
21. 'चन्द्रगुप्त' में भारतीयता का प्रतिपादन किन रूपों में हुआ है?

22. ‘चन्द्रगुप्त’ नाटक में सिंहरण के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए
23. ‘चन्द्रगुप्त’ नाटक में अलका के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए
24. ‘चन्द्रगुप्त’ नाटक की ऐतिहासिकता पर अपने विचार व्यक्त कीजिए
25. प्रतीक विधान की दृष्टि से 'अंधायुग' का मूल्यांकन कीजिये |
26. 'अंधायुग' की संवाद योजना पर टिप्पणी लिखिये |
27. 'नदी प्यासी थी' में वर्णित 'प्रणय त्रिकोण' को स्पष्ट  कीजिये |
28. 'सृष्टि का आखिरी आदमी' की प्रमुख विशेषताएँ बताइये |
29. 'नीली झील' के वस्तु विन्यास और रंगयोजना को स्पष्ट कीजिये |
30. संगमरमर पर एक रात के वस्तु विन्यास और रंगयोजना को स्पष्ट कीजिये |
31. सप्रसंग व्याख्या कीजिये :
32. 'अंधायुग' नाम की सार्थकता को स्पष्ट कीजिये |
33. 'अंधायुग 'नाटक में अश्वत्थामा के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये |
34. अभिनेयता की दृष्टि से अंधायुग का मूल्यांकन  करें |
35. 'अंधायुग' नाटक में गांधारी के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिये |
36. सप्रसंग व्याख्या कीजिये :

आज मुझे भान हुआ
मेरी वैयक्तिक सीमाओं के बाहर भी
सत्य हुआ करता है
सहसा यह भान हुआ कोई बाँध टूट गया है
कोटि कोटि योजन तक दहाड़ता समुद्र
मेरे अन्तर्मन में पैठ गया
सब कुछ बह गया
मेरी निश्चिन्त किन्तु ज्ञानहीन आस्थाएँ।

37. सप्रसंग व्याख्या कीजिये :

अठारह दिनों के इस भीषण संग्राम में
कोई नहीं केवल मैं मरा हूँ करोड़ों बार
अश्वत्थामा के अंगों से
रक्त, स्वेद, पीव बनकर बहूँगा
मैं ही युग युगांतर तक
जीवन हूँ  मैं
तो मृत्यु भी तो मैं ही हूँ माँ
शाप यह तुम्हारा स्वीकार है ।

38. 'अंधायुग को गीतिनाट्यात्मक प्रबंध कहना कहाँ तक उचित है ?
39. नयी कविता युग के प्रमुख गीतिनाट्यो और काव्यनाटकों का परिचय दीजिये
40. "'कनुप्रिया केवल काव्य है जबकि अंधायुग काव्य के साथ ही नाटक भी है " आप कहाँ तक सहमत या असहमत हैं ?
41. "संवादों की दृष्टि से अंधायुग एक सफल गीतिनाट्य है " - कथन को स्पष्ट कीजिये |
42. 'अंधायुग' में मुक्तछंद के प्रयोग पर एक टिपण्णी लिखिये |
43. "अंधायुग बिताता नहीं रह - रहकर दुहराता है " | इस कथन का क्या अभिप्राय है ?
44. मोहन राकेश के स्त्री चरित्रों की विशिष्टता पर प्रकाश डालिये|
45. `लहरों के राजहंस` के प्रतीकों का अर्थ स्पष्ट कीजिए|
46. `पैर तले की जमीन` की विषयवस्तु की समसायिकता स्पस्ट कीजिए|
47. `आषाढ़ का एक दिन` में कालिदास और विलोम के चरित्रों की योजना क्यों की गयी है? स्पष्ट कीजिए |
48. सावित्री के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए |
49. राकेश के पुरुष चरित्र संशयग्रस्त रहते हैं- क्या आप सहमत हैं ?
50. `आधे-अधूरे`नाम की सार्थकता क्या है?
51. `आधे-अधूरे`नाटक आज के जीवन के एक गहन अनुभव-खण्ड को मूर्त करता है| कथन पर टिप्पणी लिखें|
52. महेन्द्रनाथ के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए|
53. सावित्री और `पुरुष चार` (जुनेजा) के मध्य हुए संवाद के प्रमुख पहलू कौन-कौन से हैं?
54. सावित्री के चरित्र की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए|
55. सप्रसंग व्याख्या कीजिये :

    मैं अकेले दम इस घर की ज़िम्मेदारियाँ नहीं उठाती रह सकती और एक आदमी है जो घर का सारा पैसा डुबोकर सालों से हाथ पर हाथ धरे बैठा है। दूसरा अपनी कोशिश से कुछ करना तो दूर, मेरे सिर फोड़ने से भी किसी ठिकाने लगना अपना अपमान समझता है। ऐसे में मुझसे भी नहीं निभ सकता। जब और किसी को यहाँ दर्द नहीं किसी चीज़ का, तो अकेली मैं ही क्यों अपने को चीथती रहूँ रात-दिन? मैं भी क्यों न सुर्खरू होकर बैठ रहूँ अपनी जगह? उससे तो तुममें से कोई छोटा नहीं होगा ।

56. `नाटक मुख्यतः श्रव्य विधा है`- मोहन राकेश के इस विचार के क्या अभिप्राय है?
57. मोहन राकेश द्वारा आविष्कृत `ध्वनि नाट्य` और `बीज नाटक` क्या है?
58. `मोहन राकेश के नाटकों में संकलन-त्रय का सफल निर्वहन हुआ हैं`- स्पष्ट कीजिए|
59. नाटक और रंगमंच के संबंधों पर प्रकाश डालिए|

60. `लहरों के राजहंस` की रंगमंचीयता पर प्रकाश डालिए|
61. `आषाढ़ का एक दिन`रंगमंचीयता पर प्रकाश डालिए|
62. निबंध को परिभाषित कीजिए।
63. व्यक्तिनिष्ठ और वस्तुनिष्ठ निबंध में क्या अंतर है ?
64. 'गद्य कवियों की कसौटी है किन्तु निबंध गद्यकारों की कसौटी है'-इस कथन का क्या भाव है ?
65. भारतेंदु युगीन व्यंग्यात्मक निबंधों पर एक संक्षिप्त टिपण्णी लिखिए।
66. प्रेमचंद के निबंधों का महत्त्व समझाइए।
67. ललित निबंध क्या है ?
68. जीवनी और आत्मकथा में क्या अंतर है ?
69. एक श्रेष्ठ आत्मकथा में क्या-क्या योग्यताएँ होनी चाहिए ?
70. रेखाचित्र और संस्मरण में अंतर बताइए।
71. हिंदी की किसी एक आत्मकथा का रचनात्मक महत्त्व बताइए।
72. रिपोर्ताज की विशेषताएँ लिखिए |
73. हिंदी के किसी एक रेखाचित्रकार के लेखन पर एक टिप्पणी लिखिए |
74. बालमुकुन्द गुप्त को छद्म नाम से लेखन क्यों करना पड़ा ?
75. 'एक दुराशा' में दुराशा शब्द के निहितार्थ क्या हैं ?
76. "कृष्ण द्वारका में हैं, पर उद्धव को प्रतिनिधि बनाकर ब्रज वासियों को संतोष देने के लिए ब्रज में भेजा है"- ब्रिटिश राज के सन्दर्भ में इस रूपक को समझाइए।
77. 'एक दुराशा' की भाषा-शैली पर एक संक्षिप्त टिपण्णी लिखिए।
78. बालमुकुन्द गुप्त की पत्रकारिता पर एक संक्षिप्त टिपण्णी लिखिए।
79. शिवशम्भु के चिट्ठे' पर एक छोटी टिप्पणी लिखिए |
80. चिंतामणिके मनोविकार सम्बन्धी निबंधों की विशेषताएँ लिखिए |
81. आनन्द की साधनावस्था पर टिप्पणी लिखिए |
82. रामचंद्र शुक्ल के अनुसार सिद्धावस्था के प्रमुख कवि कौनकौन हैं?
83. साधनावस्था का काव्य सिद्धावस्था के काव्य से श्रेष्ठ क्यों है ?
84. एक निबंधकार के रूप में शुक्ल जी के विनोदी स्वाभाव पर एक टिप्पणी लिखिए |
85. शुक्ल जी के अनुसार साहित्य दूसरे ज्ञानानुशासनों से किस तरह भिन्न है ?
86. ललित निबंध क्या है ?
87. 'अशोक के फूल' निबंध का मूल प्रतिपाद्य क्या है ?
88. 'अशोक के फूल' निबंध भारतीयता की इकहरी धारणा का खण्डन करता है | कैसे?

89. ललित निबंध में लेखक का व्यक्तित्व बराबर झलकता रहता है | इस कथन से आप क्या समझते हैं ?
90. हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबंध 'अशोक के फूल' के आधार पर उनके इतिहास बोध पर एक संक्षिप्त टिपण्णी लिखिए |
91. हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबंधकार व्यक्तित्व पर एक टिप्पणी लिखिए |
92. 'लोक संस्कृति से विद्यानिवास मिश्र का गहरा लगाव है'- पठित निबंध के आधार पर स्पष्ट कीजिए|
93. विद्यानिवास मिश्र के निबंधों में बौद्धिकता और भावुकता का समन्वय है - स्पष्ट कीजिए|
94. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' में राम के निर्वासन का वर्णन किस रूप में है ?
95. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' में कौशल्या की चिंता किस प्रकार मुखरित है?
96. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' में सीता के निर्वासन का वर्णन किस रूप में है ?
97. 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' के शिल्प विन्यास को स्पष्ट कीजिए|
98. .सप्रसंग व्याख्या कीजिये :

> 'सत्यमेव जयते' हमारा मोटो है मगर झाँकियाँ झूठ बोलती हैं। इनमें विकास-कार्य, जनजीवन इतिहास आदि रहते हैं। असल में हर राज्य को उस विशिष्ट बात को यहाँ प्रदर्शित करना चाहिए जिसके कारण पिछले साल वह राज्य मशहूर हुआ। गुजरात की झाँकी में इस साल दंगे का दृश्य होना चाहिए, जलता हुआ घर और आग में झोंके जाते बच्चे। पिछले साल मैंने उम्मीद की थी कि आंध्र की झाँकी में हरिजन जलते हुए दिखाए जाएँगे। मगर ऐसा नहीं दिखा। यह कितना बड़ा झूठ है कि कोई राज्य दंगे के कारण अंतरराष्ट्रीय ख्याति पाए, लेकिन झाँकी सजाए लघु उद्योगों की। दंगे से अच्छा गृह-उद्योग तो इस देश में दूसरा है नहीं।

99. हिन्दी निबंधों में व्यंग्य के प्रयोग की परम्परा का परिचय दीजिये|
100. 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र ' का कथ्य स्पष्ट कीजिये|
101. 'हरिशंकर परसाई की भाषा में कबीर की झलक है' -स्पष्ट कीजिये|
102. 'हरिशंकर परसाई ने फैंटेसी का प्रयोग मुक्तिबोध की तरह किया है '- स्पष्ट कीजिये|
103. सप्रसंग व्याख्या कीजिये :

समाजवाद टीले से चिल्लाता है - 'मुझे बस्ती में ले चलो।' मगर टीले को घेरे समाजवादी कहते हैं - 'पहले यह तय होगा कि कौन तेरा हाथ पकड़कर ले जाएगा।' समाजवाद की घेराबंदी है। संसोपा-प्रसोपावाले जनतांत्रिक समाजवादी हैं, पीपुल्स डेमोक्रेसी और नेशनल डेमोक्रेसीवाले समाजवादी हैं। क्रांतिकारी समाजवादी हैं। हरेक समाजवाद का हाथ पकड़कर उसे बस्ती में ले जाकर लोगों से

कहना चाहता है - 'लो, मैं समाजवाद ले आया।' समाजवाद परेशान है। उधर जनता भी परेशान है। समाजवाद आने को तैयार खड़ा है, मगर समाजवादियों में आपस में धौल-धप्पा हो रहा है। समाजवाद एक तरफ उतरना चाहता है कि उस पर पत्थर पड़ने लगते हैं। 'खबरदार, उधर से मत जाना!' एक समाजवादी उसका एक हाथ पकड़ता है, तो दूसरा हाथ पकड़कर खींचता है। तब बाकी समाजवादी छीना-झपटी करके हाथ छुड़ा देते हैं। लहू-लुहान समाजवाद टीले पर खड़ा है।

104.संस्मरण और रेखाचित्र में अन्तर बताइए |

105.महादेवी वर्मा के गद्य की प्रमुख विशेषताएं बताइए |

106.भाभी का प्रतिपाद्य क्या है ?

107.विधवा के जीवन में आने वाली कठिनाइयों को 'भाभी' के माध्यम से बताइए|

108.महादेवी वर्मा को 'आधुनिक युग की मीरा' कहना कहाँ तक औचित्यपूर्ण है ?

109.'भाभी' के आधार पर भाभी के व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताएं बताइए|

110.अज्ञेय प्रेमचंद को 'उपन्यास सम्राट' कहे जाने से कहाँ तक सहमत हैं.

111.'प्रेमचंद चरित्रों को गढ़ते नहीं प्रस्तुत करते हैं'-अज्ञेय के इस कथन का क्या आशय है ?

112.अज्ञेय के अनुसार प्रेमचंद की व्यापक और समावेशी संवेदना बाद में किन लेखकों में मिलती है.

113.प्रेमचंद को यथार्थवाद के भेदों से जोड़ने की कवायद को अज्ञेय किस रूप में देखते हैं.

114.'संस्मरण सत्य का अभ्यास है'-स्पष्ट कीजिये.

115.'नैतिक यथार्थवाद' से क्या आशय है ?

116.रिपोर्ताज विधा क्या है?

117.'रिपोतार्ज लिखने के लिए जनता से सच्चा प्रेम होना चाहिए'- इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ?

118.'अन्धकार' मे आई युवती की जीवन कथा का वर्णन कीजिये |

119.'अकाल कुदरत से ज्यादा साम्राज्यवादी औपनिवेशिक दासता की देंन है'- इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ?

120.'रिपोतार्ज मानवीय संकटों का सिस्मोग्राफ [भुमापक यंत्र] है'- इस कथन के आधार पर 'अंधकार' का मूल्यांकन कीजिये |

121.सप्रसंग व्याख्या कीजिये :

आकाश में हवाई जहाज नहीं थे और न बम ही गिर रहे थे। किन्तु चारों तरफ आग दहक रही थी। जिससे लपटों की जगह कंकाल उठ रहे थे , जिसमें औरतों का सतीत्व भस्म हो रहा था। वह आग एक प्राचीन संस्कृति को भून रही थी।

122.सप्रसंग व्याख्या कीजिये :

पहाड़ों पर चाँदनी का यह अद्भुत मायाजाल मैंने पहली बार देखा था और एक अलौकिक विस्मय से मेरी आँखें मुंद गयी थीं। उस रात मुझे लगा था कि पहाड़ों में भी साँप की आँख जैसा एक अविस्मृत, जादुई सम्मोहन होता है...

123.`यात्रावृत्तांत` क्या है?

124.`चीड़ों पर चाँदनी` का प्रतिपाद्य क्या है?

125.निर्मल वर्मा के भाषिक वैशिष्ठ्य पर प्रकाश डालिए|

126.`चीड़ों पर चाँदनी` की शिल्पगत विशेषताएँ बताइए|

127.पठित यात्रावृत्तांत के आधार पर निमल वर्मा के प्रकृति चित्रण पर एक टिप्पणी लिखिए|

128.उग्र साहित्यिकता की तुलना में मौलिकता को अधिक महत्व देते हैं- स्पष्ट कीजिए |

129.समकालीन दौर में आत्मकथा लेखन बढ़ा है - आपके विचार से ऐसा क्यों हुआ ?

130.दलित आत्मकथाओं पर एक टिप्पणी लिखिए |

131.स्त्री आत्मकथाओं पर एक टिप्पणी लिखिए |

132. 'अपनी ख़बर' में किन विशिष्ट व्यक्तियों का उल्लेख मिलता है ?

133.'अपनी ख़बर' के आधार पर अंग्रेजी राज के चरित्र पर एक टिप्पणी लिखिए |

134.'आवारा मसीहा' के नायक शरतचंद्र का जीवन परिचय लिखें|

135.'आवारा मसीहा' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट करें |

136.शिल्प की दृष्टि से 'आवारा मसीहा' का मूल्यांकन करें|

137.स्त्री को लेकर शरतचंद्र की दृष्टि पर टिप्पणी लिखें |

138.आवारा मसीहा की मूल संवेदना क्या है?

139. हिंदी जीवनी साहित्य में आवारा मसीहा का क्या स्थान है?

# खंड - स

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 5०० शब्दों में लिखिए.

1. आधुनिक युग में हिंदी लोकनाट्य के क्षेत्र में हुए विकास का परिचय दीजिए
2. आधुनिक हिंदी रंगमंच पर लोकनाट्य परम्पराओं का गहरा प्रभाव पड़ा है - इस प्रभाव का सोदाहरण विवेचन कीजिए.
3. आधुनिक हिंदी रंगमंच के विकास में 'पृथ्वी थियेटर्स' और 'इप्टा' की भूमिका का विवेचन कीजिए.
4. स्वातंत्र्योत्तर हिंदी रंगमंच की विविध धाराओं का परिचय देते हुए हबीब तनवीर और इब्राहिम अल्काजी के अवदान का विवेचन कीजिए.
5. स्वातंत्र्योत्तर हिंदी नाटक की प्रमुख धाराओं का परिचय दीजिए|
6. 'मिथक' और 'इतिहास' हिंदी नाटक के प्रमुख कथा आधार रहे हैं - सोदाहरण विवेचन कीजिए|
7. हिंदी नाट्य साहित्य पर लोक नाट्यों के गहन प्रभाव का परिचय दीजिए|
8. हिंदी में एकांकी नाटक के विकास पर एक दीर्घ टीप लिखिए|
9. जयशंकर प्रसाद अपने नाटकों में इतिहास से आधार सामग्री ग्रहण करते हैं और समसामयिक आवश्यकताओं से संचालित होते हैं - स्पष्ट कीजिए।
10. स्कंदगुप्त-चन्द्रगुप्त-ध्रुवस्वामिनी नाटकों के आधार पर प्रसाद की नाट्य-कला की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।
11. प्रसाद के नाटकों में कथानक के अतिशय विस्तार और दृश्यों की बहुलता से अभिनेयता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है- स्पष्ट कीजिए।
12. 'चन्द्रगुप्त' स्वतंत्रता आन्दोलन की गाँधी युगीन चेतना से संचालित है - इस कथन की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।
13. . 'चन्द्रगुप्त' स्वतंत्रता आन्दोलन की गाँधी युगीन चेतना से संचालित है - इस कथन की सोदाहरण व्याख्या कीजिए।
14. प्रसाद के नाटकों में गीतों की योजना का महत्वपूर्ण स्थान है- सोदाहरण स्पष्ट कीजिए
15. प्रसाद की नाट्य-कला में भारतीय और पाश्चात्य परम्पराओं का मेल है - सोदाहरण स्पष्ट कीजिए
16. चन्द्रगुप्त की रंगमंचीयता पर एक निबंध लिखिए
17. 'अंधायुग' में पारसी रंगमंच और लोकनाट्य परम्परा का क्या प्रभाव है ?
18. "धर्मवीर भारती मूलतः कवि हैं, उनके नाट्य लेखन पर कवि रूप का गहरा प्रभाव है"- सोदाहरण स्पष्ट कीजिये |

19. धर्मवीर भारती के लघुनाटकों और एकांकियों के कथ्य और शिल्प का विवेचन कीजिये |
20. "धर्मवीर भारती मूलतः कवि हैं" - व्याख्या कीजिये |

21. 'अंधायुग' में कुंठा, निराशा ,विकृति ,कुरूपता की छाया दिखाती है | सोदाहरण स्पष्ट कीजिये |
22. "'अंधायुग में महाभारत के प्रसिद्ध आख्यान का संयोजित आधुनिक बोध दिखायी पड़ता है" सोदाहरण स्पष्ट करें |
23. 'अंधायुग' की रंगमंचीयता पर विचार कीजिये |
24. 'अन्धा युग' के कथ्य और रूपक का विवेचन कीजिये।
25. गीतिनाट्य की परिभाषा देते हुये उसके स्वरुप और विशेषताओं का निरूपण कीजिये |
26. गीतिनाट्य के रूप में 'अंधायुग' का मूल्यांकन कीजिये |
27. 'अंधायुग' में चरित्रों की प्रतीकात्मकता को स्पष्ट कीजिये |
28. 'अंधायुग' में मानवीय मनोभावों को स्पष्ट कीजिये |
29. मोहन राकेश के नाटक स्त्री-पुरुष सम्बन्धों की समस्या को बार-बार उठाते हैं- सोदाहरण स्पष्ट कीजिए
30. मोहन राकेश यथार्थवादी रंगविधि का पूर्ण कुशलता से प्रयोग करते हैं?
31. `आषाढ़ का एक दिन` के माध्यम से मोहन राकेश कलाकार की स्वतंत्रता के प्रश्न को प्रमुखता से उठाते हैं?
32. मोहन राकेश के नाटकों की रंगमंचीयता पर एक निबंध लिखिए|

33. `आधे-अधूरे` नाटक की केन्द्रीय समस्या क्या है ?
34. `आधे-अधूरे` नाटक में शहरी मध्यवर्गीय जीवन का अंकन हुआ है| विस्तार से वर्णन कीजिए|
35. राकेश के नाटकों में आधुनिक जीवन में व्याप्त अकेलेपन, अवसाद, घुटन व तनाव की अभिव्यक्ति हुई है- सोदाहरण स्पष्ट कीजिए|
36. 'आधे-अधूरे' आधुनिक युग में स्त्री-पुरुष सम्बन्धों में सामंजस्य और अधूरेपन की समस्या को गंभीरता से उठाता है- स्पष्ट कीजिए
37. `आधे-अधूरे` के संवाद उसकी अभिनेयता में सहायक है`- इस कथन के आधार पर इस नाटक की संवाद-योजना की प्रमुख विशेषताएँ बताइए|
38. ओम शिवपुरी के अनुसार `आधे-अधूरे`नाटक की प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं?
39. `रंग संकेतों के स्पष्ट निरूपण के कारण आधे-अधूरे`की रंगमंचीयता में वृद्धि हुई है`- सोदाहरण स्पष्ट करें|
40. आधे-अधूरे` यथार्थवादी रंगमंच शैली का नाटक है`- इस कथन की विवेचना कीजिए|

41. 'निबंध एक आधुनिक विधा है'- इस कथन पर विस्तार से चर्चा कीजिए ।
42. 'किसी भाषा की चिन्तन शक्ति का अनुमान उसमें निबंध विधा के विकास के आधार पर लगाया जा सकता है'- यह कथन कितना ठीक है? विस्तार से समझाइए।
43. द्विवेदी युगीन निबंधकारों के अवदान पर विचार कीजिए।
44. ललित निबंधों की प्रकृति समझाते हुए किसी एक ललित निबंधकार की निबंध कला की समीक्षा कीजिए ।
45. "यात्राएँ वहाँ जितनी बाहर जाती हैं, उतनी ही अन्दर ओर भी" - यात्रा-वृत के बारे में इस उक्ति का भाव विस्तार से समझाइए।
46. एक जीवनीकार के रूप में अमृत राय अथवा रामविलास शर्मा की उपलब्धियों पर प्रकाश डालिए ।
47. महादेवी वर्मा के संस्मरण-रेखाचित्र साहित्य का हिंदी में क्या स्थान है? विश्लेषण कीजिए।
48. 'आत्मकथा की विधा समाज के वंचित वर्गों के पक्ष में एक रचनात्मक अस्त्र की तरह काम आ सकती है'- इस कथन से अपनी सहमति/असहमति विस्तार से व्यक्त कीजिए।
49. 'व्यंग्य की मूल प्रेरणा करुणा है'- बालमुकुन्द गुप्त के व्यंग्य कर्म के सन्दर्भ में इस कथन की व्याख्या कीजिए।
50. 'एक दुराशा' निबंध राजा और प्रजा के बीच के संबंधों की किस मूलभूत समस्या को उभारता है?
51. हिंदी में 'शिवशम्भु के चिट्ठे' नामक पुस्तक का ऐतिहासिक और स्थायी महत्त्व है. क्यों?
52. बालमुकुन्द गुप्त की राजनीतिक चेतना पर विस्तार से चर्चा कीजिए।
53. आचार्य रामचंद्र शुक्ल की निबंध शैली की विशेषताएं बताइए |
54. आचार्य रामचंद्र शुक्ल के अनुसार काव्य में लोकमंगल के मूलभाव को स्पष्ट करें |
55. हिंदी निबंध की दुनिया में रामचंद्र शुक्ल के अवदान पर चर्चा कीजिए|
56. रामचंद्र शुक्ल ने रस की अवधारणा को आधुनिक बनाया - विस्तार से समझाइए|
57. हजारीप्रसाद द्विवेदी की निबंध शैली की विशेषताएँ बताइए |
58. 'अशोक के फूल' निबंध एक राष्ट्रीय-सांस्कृतिक विमर्श है | व्याख्या कीजिये |
59. 'हजारीप्रसाद द्विवेदी के निबंधों में भारतीय संस्कृति की बहुलतावादी छवि के दर्शन होते हैं-इस कथन को स्पष्ट कीजिए |
60. हिंदी साहित्य में हजारीप्रसाद द्विवेदी के अवदान की समीक्षा कीजिये |
61. 'विद्यानिवास मिश्र में हजारीप्रसाद द्विवेदी जैसा परंपरा-बोध और अज्ञेय जैसा आधुनिकता-बोध एक साथ मिलता है'- अपने विचार लिखिए |
62. 2 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' की मूलभूत सांस्कृतिक चिन्ता क्या है ?
63. 3विद्यानिवास मिश्र के निबंधों में प्रकट भारतीयता बोध को स्पष्ट कीजिए |

64. 4विद्यानिवास मिश्र के निबंधों में भाषा, रचना कौशल  और शिल्प पर प्रकाश डालिए|
65. हिन्दी निबन्ध के विकास में हरिशंकर परसाई के योगदान का मूल्यांकन कीजिए।
66. व्यंग्य विधा का परिचय देते हुए प्रमुख स्वातंत्र्योत्तर व्यंग्य लेखकों के अवदान को स्पष्ट कीजिये.
67. हरिशंकर परसाई अपने व्यंग्य निबंधों और कथाओं में भारतीय समाज और लोकतंत्र की कठोर आलोचना करते हैं-सोदाहरण स्पष्ट कीजिये|
68. हरिशंकर परसाई की सामाजिक और राजनीतिक चेतना का विवेचन कीजिये|
69. 'महादेवी वर्मा का गद्य साहित्य भारतीय समाज में स्त्री की अँधेरी नियति का साक्षात्कार है'| स्पष्ट कीजिए |
70. महादेवी वर्मा रचित 'भाभी' का सारांश लिखिए|
71. 'भाभी' भारतीय स्त्री समाज का आइना है| स्पष्ट कीजिए|
72. 'भाभी' भारतीय स्त्री के करुण और विडंबनापूर्ण जीवन का आख्यान है'| सोदाहरण व्याख्या कीजिए|
73. 'उपन्यास सम्राट' के आधार पर स्पष्ट कीजिये कि अज्ञेय के अनुसार साहित्यकार की विरासत क्या होती है ?
74. साहित्यकार के सामाजिक सरोकार अज्ञेय की दृष्टि में क्या हैं - पठित सस्मरण के आधार पर स्पष्ट कीजिये ?
75. 'उपन्यास सम्राट' के आधार पर प्रेमचंद के व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताएं बताइए.
76. अज्ञेय के अनुसार प्रमचंद के लेखन की विशेषताएं और सीमायें क्या क्या हैं ?
77. 'रूप की दृष्टि से रिपोतार्ज को कहानी विधा का विस्तार कह सकते हैं'- रिपोतार्ज विधा की विशिष्टता का विवेचन कीजिये |
78. 'रिपोतार्ज' विधा के तत्वों के आधार पर 'अंधकार' का विवेचन कीजिये |
79. "बंगाल में अकाल'की विभीषिका अपने भयावह और त्रासद रूप में 'अंधकार' में प्रकट हुई है"- सोदाहरण विवेचना कीजिये |
80. रांगेय राघव के साहित्यिक अवदान का विवेचन कीजिये |
81. `यात्रावृत्तान्त` के विधागत स्वरूप का विवेचन करते हुये हिन्दी में इसके विकास की रूपरेखा स्पष्ट कीजिए|
82. `चीड़ों पर चाँदनी` एक कथ्य , भाषा और शिल्प का विवेचन कीजिए|
83. ``चीड़ों पर चाँदनी एक कथाकार द्वारा लिखित है, परंतु उसकी भाषा में कविता सी चितात्मकता है``- सोदाहरण विवेचन कीजिए|
84. यात्रा वृत्तान्त बाहर से अधिक भीतर की यात्रा का चित्र है- इस कथन की व्याख्या कीजिए|

85. 'आत्मकथा' के स्वरुप को स्पष्ट करते हुए हिंदी आत्मकथाओं का परिचय दीजिए |
86. 'अपनी ख़बर' के आधार पर उग्र की जीवन-कथा लिखिए |
87. 'अपनी ख़बर' के आधार पर उग्र के व्यक्तित्व की प्रमुख विशेषताएँ बताइए |
88. 'अपनी ख़बर' का हिंदी आत्मकथा की दुनिया में क्या स्थान है ?
89. शरतचंद्र के चरित्र में मानवतावाद की झाँकी दिखती है | सोदाहरण स्पष्ट कीजिये |
90. आवारा मसीहा में एक जीवनी की कौन-कौन सी खूबियाँ मिलती हैं?
91. "मैं दर्द को जीता रहा और द्वंद्व को पीता रहा"- आवारा मसीहा के सन्दर्भ में इस उक्ति के दार्शनिक पक्ष पर प्रकाश डालिए|
92. आवारा मसीहा क्यों एक श्रेष्ठ जीवनी है?